## पुलिस-प्रशासन ने की शांति और सद्भावना के साथ त्यौहार मानने की अपील

# धुरेड़ी आजः जमकर उड़ेगा रंग-गुलाल



शहडोल।

गुरूवार को होलिका दहन के पूर्व जहां नगर के बाजार में काफी चहल-पहल देखने मिली और सडक़ों पर लोग जमकर खरीददारी करते देखे गए। वहीं रात में गली-चौराहों में होलिका दहन किया गया। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने मिला, खासतौर पर बच्चे और युवा टोलियां बनाकर घूमते देखे गए। वहीं शुक्रवार आज धुरेड़ी की होली खेली जाएगी। इसकी तैयारियां भी नगर के लोगों ने गुरूवार को कर ली थी, बाजार में होली की खरीददारी के लिए मानों हुजुम लग गए। दुकानों पर रंग-विरंगी पिचकारी और रंग सजे हुए थे। बच्चों ने बाजार में आई नई बैरायटी की पिचकारियों की खरीददारी की। गौरतलब है कि विगत एक सप्ताह से होली की खरीददारी की जा रही थी, लेकिन गुरूवार को व्यापार ज्यादा हुआ, दुकानदारों के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामग्री की बिक्री हुई है। शाम होते ही जिले के प्रायः सभी गली चौराहों पर होलिका दहन किया गया। होलिका दहन को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। बच्चों ने अपने-अपने मोहल्ले में होली रखने के लिए चंदा एकत्रित किया और लकडिय़ा खरीद कर होली जलाई। होलिका दहन में सभी वर्ग के लोगों ने पूरे श्रृद्धाभाव से भाग लिया और पूजा-अर्चना की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली पर्व की धूम रही। धुरेड़ी की धूम होने के कारण पुलिस ने भी अपनी व्यवस्थाएं की हैं, ताकि नगर सहित जिले भर में यह पर्व शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके से संपन्न हो।

### घर-घर दस्तक देगी टोलियां

रंगों का त्यौहार गुरुवार की रात होलिका दहन होने के बाद से शुरू हो गया। आज शुक्रवार को रंग खेलने का दौर सुबह से ही शुरु हो जाएगा। बच्चों से लेकर बुजुर्ग वर्ग के लोग भी अपने-अपने तरीके से होली मनाएंगे। जिले में भी होली पर्व को लेकर उत्साह देखा जा रहा है, बच्चों समेत महिलाओं की टोलियां भी घर-घर दस्तक देकर लोगों के चेहरे लाल-पीले करतीं नजर आएंगी। सुबह से शुरु हुआ रंग खेलने का दौर शाम तक जारी रहेगा। होली के लिए लोगों ने अपने-अपने ढंग से पूरे इंतजाम गुरूवार को ही कर लिए थे, पर्व के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी जगह-जगह तैनात रहेगा।

### बाजार में दिन भर रही चहल-पहल

जिला मुख्यालय में गुरुवार को बाजार में काफी चहल-पहल रही। आम दिनों के मुकाबले दुकानें निर्धारित समय से पहले ही खुल गई थीं। शहर के अलावा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने रंग गुलाल, पिचकारी, मुखौटे समेज अन्य जरुरत की सामग्री खरीदी। होली के पर्व के दौरान दो दिन तक बाजार बंद रहने के कारण सब्जी, किराना, फल, मिठाई समेत अन्य जरूरी सामग्री भी लोग खरीदते नजर आए।

### होलिका दहन पर किया डांस

गुरुवार को दिन भर युवाओं व बच्चों की टोलियां सुबह से शाम तक होलिका निर्माण के लिए लकडिय़ां, कंडा इकट्ठा करते नजर आए। जिला मुख्यालय समेत जनपद सोहागपुर, गोहपारू, जयसिंहनगर, ब्यौहारी, बुढ़ार, धनपुरी, अमलाई के साथ गांव-गांव में भी जगह-जगह देर रात तक होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के दौरान कुछ स्थानों पर लोगों ने डांस भी किया।

### पुलिस बल भी तैनात

धुरेड़ी के बाद भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। होली के पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन का अमला पूरी तरह तैयार है। शांति समितियों की बैठक में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जिलेवासियों से कहा है कि शांति और सद्भावना के साथ त्यौहार मनाएं। शराब पीकर वाहन चलाने, अवैध शराब की बिक्री करने, हुडदंग करने वालों पर पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस बल तिराहों, चौराहों समेत वार्डों में घूमकर सुरक्षा का जायजा लेगा।

### हजारों की संख्या में बाहर से लौटे लोग

होली पर्व मनाने के लिए महानगरों से काम कर वापस लौटने का क्रम गुरुवार को भी जारी रहा। सैकड़ों की संख्या में लोग ट्रेन और बसों से शहडोल पहुंचे। लोगों ने बाजार में खरीदी की रंग गुलाल, कपड़े, सब्जी, मिठाई, मोबाइल सहित अन्य दुकानों में लोगों की भीड़ देखी गई। खरीदी करने के बाद लोग जिला मुख्यालय से बस व टैक्सी के माध्यम से अपने-अपने गांवों की ओर रवाना हुए।

### राहगीर होते रहे परेशान

नगर में वाहन पार्किंग की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। सबसे अधिक परेशानी त्यौहारों के दौरान लोगों को झेलनी पड़ती है। ऐसा ही नजारा गुरुवार को जिला मुख्यालय में नजर आया। सडक़ किनारे लोगों द्वारा अस्थाई दुकानें लगा ली गईं, जिससे खरीदारी करने बाजार पहुंचे लोगों को अपने-अपने वाहनों को खड़ा करने के लिए जगह ही नहीं बची। लोगों ने सडक़ में ही वाहन खड़े किए और खरीदारी की। ऐसी स्थिति में दुर्घटना की संभावना दिन भर बनी रही। यातायात अवरूद्ध होने के साथ पैदल राहगीर और वाहन चालक परेशान होते रहे। हालाकि यातायात बल द्वारा लोगों को घूमकर समझाइश दी जाती रही, इसके बाद भी स्थिति में कोई बदलाव नजर नहीं आया।



## होली का पर्व उत्साह, उमंग एवं भाईचारे के साथ मनाएंः कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के नागरिकों को होलिका दहन एवं रंगो का पर्व होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने शुभकामना संदेश में कहा कि होली का त्यौहार हम सबको भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश देता है। साथ ही हमे प्रकृ ति के संरक्षण के लिए हरे भरे पेड़ों की सुरक्षा तथा रासायनिक रंगों का उपयोग नही करने का संकल्प लेना चाहिए। कमिश्नर ने संभाग के नागरिको से अपील करते हुए कहा कि ने होली का पर्व परंपरा के अनुरूप उत्साह एवं उमंग के साथ आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के वातावरण मे यह पर्व मनाए तथा अनजाने व्यक्तियों पर रंग गुलाल आदि नही डालने, नशों से दूर रहने तथा स्वयं, परिवार तथा समाज की सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही होली का त्यौहार मनाएं।

## मरीजों के साथ मनाया गया विश्व किडनी दिवस



**शहडोल।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर आज जिला चिकित्सालय शहडोल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा की उपस्थिति में मरीजों के साथ केक काटकर विश्व किडनी दिवस मनाया गया। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने डायलिसिस ले रहें मरीजों से स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, सुश्री पूजा सोनी, डॉ. राजेश श्रीवास्तव उपस्थित थें। गौरतलब है कि 13 मार्च को विश्व किडनी दिवस हर साल मनाया जाता है। इसका उद्देश्य किडनी से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाना और उनके इलाज के प्रति समाज में समझ बढ़ाना है।

## 16 मार्च को मनाया जाएगा विश्व खसरा दिवस

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भॉति 16 मार्च को विश्व खसरा दिवस मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य खसरे की गंभीरता को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना और खसरे के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावको से अपील करते हुए कहा है कि अपने-अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर बच्चों को खसरा का टीका अवश्य लगवाए और अपने बच्चों को खसरा रोग से मुक्ति दिलाए। उन्होंने कहा कि खसरे का टीका लगवाने के लिए खुद जागरूक रहे तथा आसपास के लोगों को भी खसरा का टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें जिससे भारत देश में खसरे रोग का उन्मूलन हो सकें।

## टीबी मुक्त भारत संकल्प संबंधित बैठक सम्पन्न



**शहडोल।** टीबी मुक्त भारत का संकल्प हेतु कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के दिशानिर्देशन में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का अभियान सतत चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के संबंध में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह के उपस्थिति में आज जिला पंचायत शहडोल के सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला क्षय अधिकारी डॉ. वाई. के. पासवान ने इस अभियान के तहत विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि विगत वर्ष 2023-24 में 09 टीबी मुक्त ग्राम पंचायत नामांकित हुये तथा वर्ष 2024-25 में 53 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हुये। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की गठित संयुक्त टीम के द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में उपस्थित अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा 53 टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की सूची का अवलोकन परीक्षण किया गया। इसके पश्चात आगामी वर्षों में अधिक से अधिक ग्राम पंचायत टीबी मुक्त किये जाने के सम्बंध में आपसी समन्वय एवं सहभागिता से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## कलेक्टर ने भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारी, वीरमाता एवं सैनिक विधवाओं से की चर्चा



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के भूतपूर्व सैनिकों, वीरनारी, वीरमाता एवं सैनिक विधवाओं से भेंट कर शाल, श्रीफल एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने भूतपूर्व सैनिकों से चर्चा के दौरान उनसे समाज के उत्थान में बढ़-चढक़र भागीदारी लेने का आग्रह किया तथा वह जिस गाँव एवं मोहल्ले में रहते हैं, वहां के युवाओं को प्रेरणा देकर देश के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। कलेक्टर ने सभी भूतपूर्व सैनिकों को उनके द्वारा राष्ट्र सेवा के लिए धन्यवाद दिया एवं सेना के दौरान अनुशासन, कर्तव्यपरायणता, ईमानदारी एवं देशभक्ति को युवाओं में जाग्रत करने की अपील की। इस दौरान पुलिस अधिक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने भी भूतपूर्व सैनिकों से चर्चा की एवं उनकों डिजिटल सुरक्षा के प्रति अवगत कराया।

## नशीली दवा सहित अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार



**नौरोजाबाद।** स्थानीय पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ बुधवार को बड़ी कार्यवाही की गई, बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे नौरोजाबाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोदरगवां सरई पानी रोड स्थित नर्सरी के पास प्रकाश तिवारी उफऱ् गुड्डन पिता प्रदीप तिवारी उम्र 28 वर्ष प्रतिबंधित कफ सिरप को किसी व्यक्ति को सप्लाई देने के लिए खड़ा है, मामले की गंभीरता को समझते हुए पुलिस के द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर घेराबंदी कर नशे के सौदागर को पकड़ लिया, पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 35 नग ऑनरेक्स सिरप एवं 4 जिंदा कारतूस सहित लोड कट्टा बरामद कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा 21,22,एवं 13 औषधि अधिनियम एवं धारा 25,27 आम्र्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई, उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेशचंद्र मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक दिनेश तिवारी, प्रधान आरक्षक प्रमोद पटेल, आरक्षक नरेंद्र सुलखे, अमरीश गौतम, रोशन विश्वकर्मा, महिला आरक्षक शाहीन मंसूरी का योगदान रहा।

## शान्ति समिति की बैठक संपन्न




नौरोजाबाद

पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में सभी थानों में त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक की जा रही है, इस संबंध में 11 मार्च को नौरोजाबाद थाना परिसर में नौरोजाबाद तहसीलदार अभ्या नंद शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष कुशल सिंह एवं थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में नगर सभी वर्ग के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में आगामी त्यौहार को लेकर चर्चाएं की गई एवं शांति एवं सौहार्द पूर्वक सभी पर्व को मनाने की बात भी कही गई, आगामी त्यौहार होली, ईद एवं चैत्र नवरात्र में नगर नौरोजाबाद में शांति एवं सौहार्द पूर्वक तरीके से मनाया जा सके, वहीं बैठक में मौजूद सभी गणमान्य नागरिकों ने भी अपने-अपने त्योहारों को लेकर अपनी-अपनी बातें रखी, जिसमें सभी लोगों का यही कहना था कि हमारे नगर में ऐसा कोई त्यौहार नहीं है, जो आपसी भाईचारे के साथ ना मनाया गया हो, सभी त्यौहार आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से हर वर्ष मनाया जाता है।

## विश्वविद्यालय के छात्रों ने मनाया होली का पर्व



**शहडोल।** होली की छुट्टियों में कालेज बंद होने के पहले स्टूडेंट्स कालेज परिसर में होली खेल जमकर रंग गुलाल उड़ाए, होली की मस्ती में सराबोर छात्रों ने डीजे की धुन पर थिरके, 14 मार्च को होली खेली जाएगी, इसके पहले ही पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्व विद्यायल के छात्रों ने कालेज परिसर में जमकर होली का जश्न मनाया, छात्रों के प्री-होली म्यूजिक मस्ती का वीडियो सोशल मीडिया तेजी से वायरल हो रहा है। पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्व विद्यायल में होली की छुट्टियों में कॉलेज बंद होने के पहले ही स्टूडेंट्स में होली का रंग कॉलेज के छात्राओं के बीच देखने को मिला, कॉलेज के मैदान में डीजे लगाकर छात्र-छात्राएं रंग-गुलाल उड़ाकर जमकर थिरकते नजर आए, स्टूडेंट्स की मस्ती का वीडियो भी सामने आया है। इसमें छात्र-छात्राएं डीजे पर थिरकते हुए रंग और गुलाल से सराबोर दिख रहे हैं। होली के पहले स्कूल-कॉलेजों की अब छुट्टी शुरू होने वाली है। ऐसे में कॉलेज के स्टूडेंट्स घर जाने से पहले होली की मस्ती में नजर आ रहे हैं। कॉलेज परिसर में स्टूडेंट्स होली पर्व पर डीजे लगाकर छात्र-छात्राएं डांस करते हुए रंग-गुलाल उड़ा रहे हैं।

### होली और जुमे की नमाज एक ही दिन

## पुलिस एक्टिव मोड पर, अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

**शहडोल।** होली के साथ ही रमजान का महीना भी चल रहा है, इस वर्ष होली और जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ रही है, जिसे लेकर पुलिस एक्टिव मोड पर नजर आ रही है, होली और रमजान को शांतिपूर्ण कराए जाने को लेकर पुलिस के आलाधिकारी सडक़ो पर उतर आए है। पुलिस के आलाधिकारी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर रहे हैं। साथ ही सभी से अपील की जा रही है कि वह पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए, आगामी रंगों के त्यौहार होली पर को लेकर चारों ओर उत्साह नजर आ रहा है।

त्योहारों की तैयारियों को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में बीते दिनों फ्लैग मार्च निकाला गया, होली और रमजान सहित आने वाले त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया



गया, पुलिस ने नगरवासियों से त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है। यह फ्लैग मार्च असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देने के लिए निकाला गया। होली के त्योहार और जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। शहर में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने व्यापक योजना तैयार की है, जिसमें फ्लैग मार्च, बैरियर चेकिंग और थाना स्तर से स्थानीय लोगो की मीटिंग की जा रही है। जिले में अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि होली और जुमे की नमाज दोनों त्यौहार को देखते हुए 13 और 14 तारीख को विशेष रूप से सुरक्षा लगाई गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। सभी थानों में शांति समिति की बैठक की गई है, कुछ बाहर से अतिरिक्त बल आया है, जिसे

### अंधे हत्याकाण्ड की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई

# पुत्र ही निकला पिता का हत्यारा, आरोपी पहुंच जेल

उमरिया।

जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत जरहा तिराहे से महज 100 मीटर दूर घुलघुली रोड स्थित सुखनारा पुल के पास झाडिय़ों के बीच एक शव मिलने से इलाके में हडक़ंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर नौरोजाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त में जुट गई। शव की हालत अत्यधिक खराब होने के कारण पहचान करना मुश्किल हो रहा था, क्योंकि वह कंकाल में परिवर्तित हो चुका था। काफी प्रयासों के बाद शव की पहचान रायसेन सिंह गोंड उम्र 44 वर्ष निवासी बुढ़ान के रूप में हुई। घटनास्थल की स्थिति और शव की दशा को देखते हुए पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका हुई। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के बड़े पुत्र मुनेश्वर सिंह उम्र 21 वर्ष को शक के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। शुरू में वह पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा, लेकिन कड़ी पूछताछ के बाद उसने अपना अपराध कबूल कर लिया।

### यह दिया आरोपी ने बयान

पुलिस को दिए गए बयान में आरोपी मुनेश्वर सिंह ने बताया कि 1 मार्च 2025 की रात उसका पिता रायसेन सिंह शराब के नशे में धुत होकर घर आया और उसकी मां और पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। जब मुनेश्वर बीच-बचाव करने आया, तो उसके पिता ने उससे भी हाथापाई शुरू कर दी। इस पर विवाद इतना बढ़ा कि पिता ने उसके एक साल के बच्चे को उठाकर फेंक दिया। जिससे उसे गुस्सा आ गया। इसके बाद उसने डंडे से पिता को पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद अपने अपराध को छिपाने के लिए अरोपी मुनेश्वर ने अपने छोटे भाई के साथ मिलकर शव को ठिकाने लगाने की साजिश रची। दोनों भाइयों ने शव को बाइक पर रखा और सुखनारा पुल के पास झाडिय़ों में फेंक दिया, ताकि किसी को संदेह न हो।

### शक न हो करता रहा नाटक

हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी मुनेश्वर ने



6 मार्च को नौरोजाबाद थाना में अपने पिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवाई। वह खुद ही अपने पिता की तलाश करने का नाटक करता रहा, ताकि किसी को उस पर शक न हो। हालांकि, पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला संदिग्ध लगने लगा। पुलिस ने रायसेन सिंह के परिवार और पड़ोसियों से पूछताछ की तो, कुछ विरोधाभासी बयान सामने आए, जिससे जांच की दिशा मुनेश्वर की ओर मुड़ गई। पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने के बाद आरोपी मुनेश्वर सिंह और उसके नाबालिग भाई के खिलाफ बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

शहडोल। मंगलवार की शाम कोयलारी फाटक के रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा था, नर्मदा एक्सप्रेस के चालक ने ट्रेन रोककर घटना की जानकारी स्टेशन प्रबंधक को दी। मामला कोतवाली क्षेत्र होने के कारण पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस समय पर नहीं पहुंची, जिसके कारण 01 घंटे 40 मिनट ट्रेन घटनास्थल पर ही खड़ी रही। रेलवे अधिकारियों का कहना था कि मृतक के शरीर में किसी प्रकार के चोंट के निशान नहीं होने और शव पटरी पर पड़े होने के कारण ट्रेन को पुलिस के आने तक रोका गया था। इस दौरान यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोयलारी रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। मंगलवार की शाम स्थानीय लोगों ने शव को ट्रैक पर देखा और घटना की जानकारी जीआरपी सहित कोतवाली पुलिस को दी। घटना के तुरंत बाद पुलिस नहीं पहुंची, जिसके कारण करीब पौने दो घंटे तक नर्मदा एक्सप्रेस को रोक दिया गया। रात करीब साढ़े सात बजे कोतवाली पुलिस घटना स्थल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया इसके बाद 7.45 बजे ट्रेन रवाना हुई।

### ट्रेन रुकने की यह वजह बताई

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि नर्मदा एक्सप्रेस को मेन लाइन से ही निकाला गया था। इसी ट्रैक में युवक का शव भी पड़ा हुआ था, मृतक के शरीर में किसी प्रकार के चोट नहीं होने के कारण ट्रेन को आगे नहीं बढ़ाया गया। पुलिस पहुंचकर जब शव को अपने कब्जे में ली इसके बाद ट्रेन रवाना हुई। इस दौरान कटनी जाने वाले अन्य ट्रेनों को तीसरी लाइन से रवाना किया गया।

### पहले ही लेट पहुंची थी ट्रेन

नर्मदा एक्सप्रेस के यात्रियों ने बताया कि मंगलवार को ट्रेन पहले ही करीब ढाई घंटे देरी से शहडोल पहुंची। इसके बाद कोयलारी में करीब पौने दो घंटे खड़ी रही। यात्रियों कहना है कि ट्रेन के आने का समय 3.22 बजे है, जो शाम 5.49 मिनट शहडोल पहुंची और 6.05 बजे रवाना हुई। कोयलारी फाटक में 1 घंटा 40 मिनट खड़ी रही और रात 7.45 बजे रवना हुई।


### इनका कहना है...

कोयलारी फाटक के सामने एक युवक का शव मिलने की जानकारी आई थी। मौके पर हमने पुलिस बल रवाना किया था। युवक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

**रावेंद्र तिवारी**
**कोतवाली प्रभारी, शहडोल**

## खबर संक्षेप

### आवास प्लस सर्वे में जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता निभा रहे सहभागिता



**उमरिया।** जिले सहित ग्रामीण, नगरीय निकायों में आवास प्लस का सर्वे किया जा रहा है। शासन की मंशा है कि जो व्यक्ति आवास योजना से वंचित हैं उनका आवास प्लस में नाम जोडकर प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जाए । सर्वे प्रभारी एवं सचिव सुरेश जायसवाल , जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था के अध्यक्ष राजर्षि मिश्रा, श्री मिश्रा लगातार सर्वे टीम के साथ घर घर जाकर आवास सर्वे में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं ।

### एसडीएम पाली ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी पाली अंबिकेश प्रताप सिंह ने गत दिवस जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मुदरिया, चौरी, बलबई, बकेली, अमिलिहा, मालाचुआ, आमगार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने आर ओ आर, फार्मर रजिस्ट्री कार्य प्रगति का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के समय खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

### फाईल संकलित करने अधिकारी नियुक्त

**उमरिया।** सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र के परिपालन में जिला स्तर के सभी कार्यालयों में एन आईसी साप्टवेयर से ई आफिस कार्यप्रणाली लागू की जानी है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने एन आईसी डोमेन पर ई मेल एवं संबंधित ई एम डी फाईल इत्यादि जिला स्तर पर संकलित करके एन आईसी भोपाल को भेजने हेतु धीरेन्द्र सिंह राजपूत को नोडल अधिकारी तथा प्रियंक अग्रवाल सहायक ई गर्वनेंस प्रबंधक कार्यालय को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है । कलेक्टर ने कहा है कि समय सीमा के भीतर ई आफिस संबंधी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### बिजुरी पुलिस की होली पूर्व ढाबों, दुकानों की चेकिंग व दबिश कार्यवाही

**बिजुरी।** होली के त्योहार के पूर्व पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि अवैध शराब की बिक्री पर नियंत्रण किया जाए जिसके अनुक्रम में श्रीमानजी के निर्देशानुसार थाना बिजुरी क्षेत्र के ढाबों, दुकानों की चेकिंग व दबिश कार्यवाही की गई। जिसमे अपराध क्रमांक 64/25 आरोपी रजनीकांत केवट पिता राम प्रसाद केवट उम्र 38 वर्ष निवासी नगाराबांध कुल 05 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कीमत 720 रुपए, अपराध क्रमांक 65/25 आरोपी अब्दुल रफीक पिता अब्दुल कादिर उम्र 34 वर्ष निवासी छतहा मोहल्ला 16 पाव (प्रत्येक में 180 एमएल) देशी प्लेन मदिरा शराब कुल 2.880 लीटर कीमत 1280 रुपए, अपराध क्रमांक 66/25 आरोपी साजिद खान पिता अव्दुल सलाम उम्र 30 वर्ष निवासी पडरीपानी 18 पाव (प्रत्येक में 180 एमएल) देशी प्लेन मदिरा शराब कुल 3.240 लीटर कीमती 1440 रुपये, अपराध क्रमांक 67/25 आरोपी प्रमोद कुमार साहू पिता स्व. सुरेश साहू उम्र 27 वर्ष निवासी कबाडी मोहल्ला 06.000 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कीमत 720 रुपए, अपराध क्रमांक 69/25 आरोपी राहुल कुमार चौटेल पिता बबलू चौटेल उम्र 22 वर्ष निवासी सीएमपीडीआई कैंप बिजुरी देसी अंग्रेजी शराब 16 पाव (प्रत्येक में 180 एमएल) देशी प्लेन मदिरा शराब कुल 2.880 लीटर कीमत 1600 रुपए, अपराध क्रमांक 70/25 आरोपी कुलदीप साहू पिता बुद्धसेन साहू उम्र 24 वर्ष निवासी कोठी 18 पाव (प्रत्येक में 180 एमएल) देशी प्लेन मदिरा शराब कुल 3.240 लीटर कीमत 1800 रुपए यानि अलग अलग 06 स्थानों से 11 लीटर हाथ भट्ठी देशी शराब एवं 12.240 लीटर देशी प्लेन मदिरा कुल कीमती 7560 रुपये की अवैध शराब जप्त कर 06 आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कुल किए गए हैं।

# होली उत्सवः उपहार और मिठाई पाकर बच्चों और परिजनों के चेहरे खिल उठे

**उमरिया।** होली के पावन पर्व पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले मुख्यालय से लगे हुए ग्रामीण क्षेत्रों की बस्तियों में पहुंचकर पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे,रेवा शंकर, नितिन बसवानी की उपस्थिति में 80 नन्हे नन्हे बच्चों को खुशियों के रंग बांटने और हर उदास चेहरे पर मुस्कान लाने के कार्य के उद्देश्य उपस्थित सभी बच्चों को पिचकारी ,रंग गुलाल ,मिठाइयां, बिस्किट, फल,मुखौटा आदि उपहार में दिया गया। इस आयोजन से बच्चों के बीच हर्षोल्लास का माहौल बना रहा, और उन्होंने पूरे जोश के साथ त्योहार का आनंद लिया।उद्देश्य समाज के हर वर्ग के बच्चों तक शिक्षा और खुशियां पहुंचाना है।

पाली प्रभारी मदनलाल मरावी ने कहा कि कार्यक्रम में ग्रामीण बच्चों के बीच खुशी का लहर देखने को मिला। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय पहल है। हम सभी को इस अभियान में बढ़ चढक़र हिस्सा लेना चाहिए। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि बस्ती इलाके 80 से अधिक गरीब



परिवार के बच्चों को फल, बिसकिट्स, टॉफ़ी, रंग गुलाल एवं पिचकारी का वितरण उपहार स्वरूप करते हुए उनके साथ होली का त्यौहार होली का उत्सव बड़े ही धूमधाम व उत्साह पूर्वक मनाया गया। मिठाई, रंग गुलाल एवं पिचकारी मिलने पर बच्चों के चेहरे पर खुशियां उमड़ पड़ी, मानो उनके खुशियों का कही ठिकाना ही नही रहा।

हम त्यौहार तो धूमधाम से मनाते हैं लेकिन दूसरों की खुशियों का ख्याल नहीं रखते। हम सभी को एक होकर समाज में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों के साथ और इन बच्चों के साथ त्योहार मना कर खुशियां बॉटनी चाहिए, युवा टीम उमरिया पिछले 5 साल से नगर वासियों के सहयोग से सभी त्योहार झुग्गी झोपड़ी एवं जरूरतमंद और बुजुर्गों के साथ ही मनाती आ रही है। इस दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी,प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे,रेवा शंकर,नितिन वासवानी,सुनील प्रजापति,हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,महक सोनी, खुशबू बर्मन, लष्मी महोबिया, सुनैना प्रजापति, सृष्टि महोबिया,एवं सभी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने बाल श्रम, बच्चों का शोषण एवं भिक्षावृत्ति किया प्रतिबंधित

**उमरिया।** बाल श्रम रोकने के लिये कानून का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने, बच्चों का शोषण को बंद करने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15, 24, 39 और 45 में बच्चों की निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 म.प्र. भिक्षावृत्ति निवारण 1974 म.प्र. नियम 1977 किशोर न्याय (बालकों की देख रेख तथा संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बालक एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनयमन) अधिनियम 1986 संशोधन अधिनियम 2016 नियम 2017 के उपबंधों के अनुसार 14 वर्ष तक के बालकों को बालश्रम में नियोजित करना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है एवं 18 वर्ष के कम आयु के किशोर श्रमिकों को खतरनाक व्यवसाय एवं प्रक्रिया में काम कराना पूर्णतः निषेध किया गया है। अधिनियमों के अंतर्गत बालक एवं किशोर मजदूरों से कार्य कराया जाना प्रावधानों के अनुसार अपराध है। कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने शासन के निर्देश एवं अधिनियम के परिपालन हेतु बालको की शिक्षा सुनिश्चित करने, शोषण को रोकने, बाल श्रमिको के नियोजन को प्रतिबंधित करने तथा भिक्षावृत्ति पर प्रभावी रोक लगाने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत उमरिया जिला अंतर्गत निषेधाज्ञा पारित अग्रिम आदेश पर्यन्त तक बाल श्रम, बच्चों का शोषण एवं भिक्षावृत्ति को प्रतिबंधित किया है ।

## पाली में खोवा एवं दूध की गई जांच, सेंपल किए गए एकत्र

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा होली त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए दुकानों की जांच करने के निर्देश दिए गए थे । निर्देश के परिपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा ने उमरिया जिले में पाली में खोवा और दूध की जांच की गई तथा खोवा , पनीर , दूध , दही, नमकीन आदि के सेंपल लिए गए । निरीक्षण के दौरान कृष्णा डेरी, बिरासनी माता देवी, साइन डेयरी से सेंपल एकत्र कर कार्रवाई की गई जिसमें दूध ,दही ,खोवा, पनीर आदि के नमूने लिए गए जिन्हें खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा वहां से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।उमरिया जिले में गौरव डेयरी गुप्ता ,देरी यशोदा डेयरी में निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्यवाही की गई इसमें दूध, खोवा दही, सांची ,पेड़ा आदि के नमूने लिए गए जिन्हें जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया और होटल में भी खान-पान के निरीक्षण किया गया एवं समझाईश दी गई कि



होटल साफ सफाई बनायें रखे तथा दुकान लाइसेंस चेक किया गया। उन्होने बताया कि विगत दिवस 50 खाद्य व्यापारियों को कान्हा रेस्टोरेंट में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत फास्ट्रेक की ट्रेनिंग दी गई जिन्हे उन्हें समझाया गया कि कैसे सब समान रखना है ,कैसे दुकान की सफाई करना है, रखरखाव के निर्देश ट्रेनिंग दी गई।

## रेजिंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैम्प) योजना के अंतर्गत कार्यशाला संपन्न

**उमरिया।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योमों(एम.एस.एम.ई.) के प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए रेजिंगएंड एक्सलेरेटिंगएमएसएमई परफॉर्मेंस (रैम्प) योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न उद्योग संघों की भागीदारी के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र कार्यालय में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ज़ेड स्कीम और लीन मैन्युफैक्चरिंग स्कीमके बारे में जागरूकता फैलाना है।



कार्यक्रम की शुरुआत महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र उमरिया दिनेश कुमार मसकोले ने योजना का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होने भारत सरकार की रैम्प योजना के अंतर्गत जिले में ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने पर जोर दिया व एसोसिएशन के पदाधिकारियों से सक्रिय भागीदारी के लिए आव्हा न किया। उन्होंने जिले में इन्क्यबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए व जल्द ही वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम के आयोजन की लिए निर्देशित किया। राजेश सरवटे विशेषज्ञ जेड(जीरो डिफेक्टज़ीरो इफेक्ट) जो की क्यू सीआई ने नेजेडयोजना के लाभों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने उमरिया जिले के उद्योगों को जेडसर्टिफाइड बनने की अपील की और इस दिशा में उद्योगों को आगे आने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद से सरोज जेनाने लीन स्कीम के महत्व पर एक प्रभावशाली सत्र लिया जिसमें उन्होंने योजना के क्रियान्व्यन से एम.एस.एम.ई.को होने वाले लाभों पर चर्चा की।

जिले के विभिन्न उद्योग संचालकों नेअन्य सदस्यों से अपील की कि वे इन योजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने उद्योगों को ज़ेड और लीन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम और अन्य योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। वर्कशॉप में उद्योग जगत के विभिन्न प्रतिनिधियों व जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र,उमरिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और इसे एम.एस.एम.ई.के भविष्य के लिए अत्यधिक लाभकारी माना गया।

## पीएम इंटर्नशिप के तहत आवेदन 31 मार्च तक आमंत्रित

**उमरिया।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगारपरक बनाना हैं। यह कार्यक्रम युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यवसायिक वातावरण से अवगत करवाना है, जिससे उन्हें व्यावहारिक कौशल एवं कार्यानुभव प्राप्त करने में मदद मिले। साथ ही इंटर्नशिप के दौरान उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक एवं प्रक्रिया के माध्यम से प्रशिक्षण एवं नियमित रोजग़ार प्राप्त करने की योग्यता अर्जित करने का अवसर प्राप्त होगा। पीएम इंटर्नशिप के तहत ऐसे युवा जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता 10वीं या उससे उच्च हो , पात्र होंगे । ऐसे युवा जो पूर्णकालिक रोजगार एवं शिक्षा मे है एवं जिनके परिवार (स्वयं, जीवनसाथी, माता-पिता) के किसी भी सदस्य की आय वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 लाख से अधिक हैं तथा परिवार के सदस्य शासकीय सेवा में है, इंटर्नशिप हेतु अपात्र होंगे। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को. 5000 प्रतिमाह स्टाइपेण्ड एवं इंटर्नशिप पूर्ण होने उपरांत एकमुश्त 6000 प्राप्त होगी। इंटर्नशिप की अवधि 12 माह होगी। इंटर्नशिप हेतु पात्र युवा ृजजचेरूध्ध्चउपदजमतदेीपचण्उबंण्हवअण्पद पर 31 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते है।

अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 1800116090 पर कॉल करे एवं पंजीयन में सहायता हेतु जिले के शासकीय इंजीनियरिंग/पॉलीटेक्निक/आईटीआई से संपर्क किया जा सकता है ।

## भालूमाड़ा पुलिस टीम द्वारा की गई आबकारी एक्ट की कार्यवाही

**भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा अभियान चलाकर होली त्यौहार शांति पूर्ण तरीके सम्पन्न कराने हेतु अवैध रुप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पांच अलग अलग स्थानों में रेड कार्यवाही कर आरोपी रथिन पाल पिता स्व. शांती पाल उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड न. 15 लाईन दफाई भालूमाड़ा थाना भालूमाड़ा के घर के पीछे बाड़ी में एक सफेद रंग की पन्नी में सफेद प्लेन मदिरा 12 पाव कीमती 720/- रुपये की जप्त की गई जिस पर अपराध क्रमांक 96/2025 धारा 34ए आबकारी एक्ट कायम किया। आरोपी श्रीनाथ सिंह पिता स्व. सूरज सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी लाईन दफाई भालूमाडा थाना भालूमाड़ा के कब्जे से एक सफेद झोले में 15 पाव देशी प्लेन मदिरा कुल कीमती 900 रुपये की अवैध शराब जप्त की गई है व अपराध क्रमांक 97/2025 धारा 34ए आबकारी एक्ट का कायम किया गया है। ग्राम धनपुरी चौकी फुनगा से आरोपी रमेश पटेल पिता रामजीवन पटेल उम्र 42 वर्ष निवासी धनपुरी चौकी फुनगा के कब्जे से एक थैला मे देशी शराब के कुल 12 पाव शराब कीमती 960 रुपये की अवैध शराब जप्त की गई है जिस पर अपराध क्रमांक 98/2025 धारा 34ए आबकारी एक्ट कायम किया गया है। तथा ग्राम छोहरी में आरोपी दादूराम अहिरवार पिता धनसाय अहिरवार उम्र 61 साल निवासी परासी रोड छोहरी थाना भालूमाड़ा के कब्जे से तीन अदद खाकी रंग के कार्टून जिनमें अलग- अलग कम्पनी के बेग पाईपर के 07 क्वाटर 180 एमएल प्रत्येक की किमत 180/- रुपये, आरएस रायल स्टेक की 04 क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल प्रत्येक की कीमत 290/- रुपये, मेक डावल के 06 क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल प्रत्येक की कीमत 240/- रुपये, आफिसर चाईस की 05 क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल प्रत्येक की कीमत 180/- रुपये, ब्लू चीप के 12 क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल प्रत्येक की कीमत 130/- रुपये, बीयर किंग फिशर 03 बाटल प्रत्येक बाटल में 650 एमएल प्रत्येक की कीमत 240/- रुपये, बीयर पवर 10,000 की 05 बाटल प्रत्येक का 650 एमएल प्रत्येक की कीमत 180/- रुपये, बीयर पवर की केन 02 नग प्रत्येक 500 एमएल प्रत्येक कीमती 140/- रुपये , देशी प्लेन सफेद की 08 क्वाटर प्रत्येक 180 एमएल प्रत्येक कीमती 60/- रुपये, लाल मसाला 16 क्वाटर प्रत्येक का वजन 180 एमएल प्रत्येक की कीमत 80/- रुपये कुल 16.600 लीटर कुल कीमती 9980/- रुपये की अवैध शराब जप्त की गई है जिस पर अपराध क्रमांक 99/2025 धारा 34ए आबकारी एक्ट कायम किया गया है एवं ग्राम भाद में आरोपी सुनील केवट पिता सियाराम केवट उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम भाद थाना भालूमाड़ा कब्जे से अलग- अलग कम्पनी के 1.बियर पावर दस हजार 650 एमएल कीमती 180/- रुपये,2.



वियर केन पावर दस हजार की 06 बाटल प्रत्येक का 500 एमएल प्रत्येक की कीमत 140/- रुपये 3. मेक ड्रावल के तीन क्वाटर प्रत्येक का 180 एमएल कीमती 240/- रुपये जिनका कुल 04 लीटर 110 एमएल कुल कीमती 1740/- रुपये की अवैध शराब जप्त की गई है एवं अपराध क्रमांक 100/2025 धारा 34ए आबकारी एक्ट किया गया है। कुल 5 प्रकरण कुल 29.670 लीटर अवैध शराब कुल कीमती 14300 रुपये की जप्त की गई है।आरोपी रथिन पाल पिता स्व. शांती पाल उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड न. 15 लाईन दफाई, श्रीनाथ सिंह पिता स्व. सूरज सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी लाईन दफाई, रमेश पटेल पिता रामजीवन पटेल उम्र 42 वर्ष निवासी धनपुरी चौकी फुनगा, दादूराम अहिरवार पिता धनसाय अहिरवार उम्र 61 साल निवासी परासी रोड छोहरी थाना भालूमाड़ा, सुनील केवट पिता सियाराम केवट उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम भाद के विरूद्ध कार्यवाही मे थाना प्रभारी भालूमाडा निरी संजय खलको स.उ.नि. विनोद द्विवेदी, अमित घारु, प्र.आर. बृजेश सिंह, जितेन्द्र खलको, प्रदीप पाण्डेय, सुखेन्द्र सिंह, आर. देवेन्द्र तिवारी, स्वदेश सिंह चौहान, अभिषेक चौहान की भूमिका रही।

## अन्य यूनियन छोड़कर 22 लोगों ने ली एचएमएस की सदस्यता

### एचएमएस की क्षेत्रीय कार्यशाला संपन्न

**जमुना/बदरा।** क्षेत्रीय कार्यालय कोतमा कालरी में क्षेत्रीय अध्यक्ष कांत शुक्ला की अध्यक्षता में होली मिलन के उपलक्ष्य में विशाल बैठक का आयोजन हुआ बैठक में सैकड़ों की तादात में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थित देखी गई सर्व प्रथम मंच का संचालन करते हुए लक्ष्मीकांत तिवारी द्वारा उपस्थित सभी का स्वागत किया गया तथा सभी को होली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इसके बाद उप महामंत्री कोशलाधीश द्विवेदी द्वारा विस्तार पूर्वक बात रखी गई एवं सभी बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया तथा सदस्यता के संबंध में सभी इकाई के अध्यक्ष सचिव से ज्यादा से ज्यादा संख्या सदस्य जोड़ने का आहवान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय महामंत्री रमाशंकर तिवारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया तथा जमुना कोतमा क्षेत्र में इस वर्ष 60% सदस्यता करने का लक्ष्य देते हुए संगठन के पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि सभी परिस्थितियों का सामना करते हुए लक्ष्य प्राप्त करना ही है साथ ही



कामगारों की विभिन्न समस्याओं को हल कराने का आश्वासन दिया गया। अंत में क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला द्वारा उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया गया और होली की शुभकामना सभी उपस्थित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को दी गई। जैसा कि आप सब को मालूम है कि लगभग 6 माह से अन्य संगठन को छोड़कर कोयला मजदूर सभा पर विश्वाश करते हुए सैकड़ों की तादात में कामगार सदस्यता ग्रहण कर रहे है। उसी तारतम्य में आज लगभग 22 की संख्या मेंसर्व ईश्वरदीन, भागीरथी, गोविंदा केवट, अवधेश कुमार, सगीर अहमद, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, विजय शंकर, पूरण दास महरा, सारदा शर्मा, गणेश प्रसाद, डी के सिंह, युगांधर, मुन्ना, गंगाराम, मती विद्या बती, जानकी सिंह, बिमला बाई, रामप्रसाद, किरण केवट,ग,ुरुचरण, राधे लाल आदि ने कोयला मजदूर सभा **HMS** परिवार में सामिल हुए। सभी को क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला द्ववारा तिलक बंदन कर माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई गई। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा करतल ध्वनि से आगंतुकों का स्वागत किया गया। तथा संगठन में खुलकर कम करने की अनुमति एवं शुभ कामना दी गई। साथ ही जानकी सिंह को कोयला मजदूर सभा महिला मोर्चा का क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं श्रीमती विद्यावती को क्षेत्र का महामंत्री नियुक्त किया गया। डी के सिंह एवं जयंत चक्रवर्ती को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## रामनगर ने होली पूर्व की ढाबों, दुकानों में दी दबिश

### अवैध शराब जप्त कर 5 आरोपियों के विरुद्ध दर्ज किए गए प्रकरण

**रामनगर।** होली के त्योहार के पूर्व पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि अवैध शराब की बिक्री पर नियंत्रण किया जाए जिसके अनुक्रम में के निर्देशानुसार 12 मार्च को थाना रामनगर क्षेत्र के ढाबों, दुकानों की चेकिंग व दबिश कार्यवाही की गई जिसमे अपराध क्रमांक 54/25 आरोपी कूपन दास चौधरी पिता रामलाल चौधरी उम्र 36 वर्ष निवासी सेमरा कुल 19 पाव देसी अंग्रेजी शराब मात्रा 3.040 लीटर कीमत 3040 रुपए, अपराध क्रमांक 55/25




आरोपी ओमप्रकाश अहिरवार पिता भीकू अहिरवार उम्र 34 वर्ष निवासी फुलकोना देसी अंग्रेजी शराब कुल 3.600 लीटर कीमत 1550 रुपए, अपराध क्रमांक 56/25 आरोपी देवेंद्र केवट पिता ओमप्रकाश केवट उम्र 34 वर्ष निवासी पिपरहा कुल 3.900 लीटर किंगफिशर बियर कीमत 2000, अपराध क्रमांक 57/25 आरोपी रिंकू सेन पिता अंबिका सेन उम्र 35 वर्ष निवासी राजनगर 15 पाव देसी प्लेन शराब (प्रत्येक में 180 **ml**) 2.700 लीटर कीमत 1050 रुपए, अपराध क्रमांक 58/25 आरोपी संतोष जायसवाल पिता गोपाल जयसवाल उम्र 35 वर्ष निवासी सीधी दफाई राजनगर देसी अंग्रेजी शराब कुल 2.520 लीटर कीमत 1130 रुपए जप्त किये गये।

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका पाली में पशु पालकों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले



**बिरसिंहपुर पाली।** नगर पालिका परिषद् पाली के अंत्योदय समिति के अध्यक्ष श्री नरेश बर्मन ने समिति की बैठक में शासन की योजनाओं का पशु पालको को शासन की मंशानुसार समय-समय पर जैसे गायों को गोडहा रोग का टीकाकरण कराने। गायों के चेचक बुखार के कारण पिछले वर्ष कई पशु मर गयें यदि इसका टीका नगरीय क्षेत्र के सभी पशुओं को लगाया जाता तो पशुधन की हानि पशु पालकों को नहीं होगी। इसी तरह से इस समय बकरियों में मुंहा की बीमारी फैल रही है। इसकी रोकथाम के लिए कारगर व्यवस्था की जायें जैसे नगरीय क्षेत्र में अलाउंस कराकर पशुपालको को बीमारी के संबंध में सूचित करें एवं गाय एवं भैसो को पशु चिकित्सालय द्वारा आधार का बिल्ला सभी पशुओं के कान में लगे है इन्ट्री है क्यों न समय-समय में जाकर इनके पशुओं को टीका लगाने का कार्य किया जाये और गायों की ए.आई. में गुणवत्ता पूर्ण बीज की व्यवस्था कराये जाने हेतु मांग की गई है।

### चटक धूप से गर्मी का एहसास

**कोतमा।** पिछले कुछ दिनों से तापमान में काफी उछाल आ गया है जिससे दिन के समय अब गर्मी का एहसास होने लगा है। घर से बाहर निकलने से अब धूप चेहरे पर झुलसने लगी है नगर में गुरुवार को तापमान 34 डिग्री के आसपास अधिकतम दर्ज किया गया। इनदिनो कुछ देर धूप में रहने पर चुभन का एहसास होने लगा है मार्च माह आधा बीतने को हैं। जिन में जहां गर्मी प्रारंभ हो गई है वही रात को अभी भी ठंडक महसूस हो रही है। होली का पर्व आने के साथ ही वातावरण में गर्माहट का एहसास होने लगा है। जानकारों का कहना है कि अब धीरे-धीरे तापमान में और बढ़ोतरी होगी। मार्च अंतिम या अप्रैल के प्रथम वीक से लू चलना प्रारंभ हो जाएगी। गर्मी प्रारंभ होने से अब लोगों के गले सूखने लगे हैं और दिन में तेज प्यास सताने लगी है। रविवार बाजार के दिन अब शहर में मटके, सुराही भी बिकने के लिए बाजार में आ गए हैं। नगर के डॉक्टर सलमान खान का कहना है कि अब गर्मी की शुरुआत हो गई है धूप से बचने की जरूरत है पानी अधिक से अधिक पिए शरीर को धूप से बचाकर रखें। खान-पान में तले हुए पदार्थ का सेवन ना के बराबर करें। ताकि लोगों को डिहाइड्रेशन जैसी परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

### मासांत तक पूर्ण कराएं हितग्राही एवं नाम जोड़ने की प्रक्रिया

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), द्वितीय चरण के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का चयन कर सर्वे सूची में नाम जोड़े जाने सहित अन्य वांछित कार्यवाही 31 मार्च 2025 तक आवश्यक रूप से पूर्ण कराए जाने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने ग्रामीण क्षेत्रों की समस्त ग्राम पंचायतों में नामांकित सुपरवाइजर, ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित पात्रता के मापदंडों का पालन करते हुए सर्वेक्षण के दौरान पात्र हितग्राहियों का चयन करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि कोई भी पात्र हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

### होली के मद्देनजर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की लगी डयूटी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर 13 मार्च को होलिका दहन, 14 मार्च को होली धुरेड़ी और 15मार्च को भाई दूज के त्योहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखनें के उद्धेश्य से कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की डयूटी लगाई गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी इस संबंध के आदेश के तहत संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी एस.डी.एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा को बनाया गया है।

## संत जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल 'आइडल 2025' का किया आयोजन

# 6 वर्ष से कम आयु के बच्चे ले सकते हैं भाग

स्थित संत जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल आगामी 8 अप्रैल 2025 से 13 अप्रैल 2025 तक एक भव्य प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 'आइडल 2025' का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम में केवल उमरिया जिले के 6 वर्ष से कम आयु के बच्चे भाग ले सकते हैं।

बिरसिंहपुर पाली




यह प्रतियोगिता निःशुल्क प्रवेश के साथ आयोजित की जा रही है, जिसमें बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम में छोटे बच्चे नृत्य, गायन, अभिनय, और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।कार्यक्रम का उद्देश्यइस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करना और उन्हें मंच प्रदान करना है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपने हुनर को संवार सकें। आयोजन समिति का मानना है कि हर बच्चे में एक अनोखी प्रतिभा होती है, जिसे सही दिशा देने की आवश्यकता है। यह मंच बच्चों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और अपने सपनों को साकार करने में मदद करेगा।कार्यक्रम स्थल और समययह कार्यक्रम 'दुर्गा स्टेज, कॉलरी ग्राउंड, पाली प्रोजेक्ट, बिरसिंहपुर पाली में आयोजित किया जाएगा। सभी प्रतियोगिताएं रात्रि 7:30 बजे से शुरू होंगी।पंजीकरण प्रक्रिया और अंतिम तिथिइस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन 31 मार्च 2025 तक करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए 9926871249, 9977630006, 8871194940 पर संपर्क करे। यह कार्यक्रम न केवल एक प्रतियोगिता है, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणा देने का एक प्रयास है। संत जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल सभी अभिभावकों से आग्रह करता है कि वे अपने बच्चों को इस विशेष अवसर का हिस्सा बनाएं।

## जिला अंतर्गत उपखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

**उमरिया।**

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय ने बताया कि ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु हैंडपंप संधारण एवं नल जल योजना संचालन, संधारण हेतु जिला अंतर्गत उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका मोबाइल नंबर 9893105867 है। कंट्रोल रूम में गुलशन पाठक सहायक ग्रेड 3 की ड्युटी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा संजय बर्मन स्टोर क्लर्क की ड्युटी दोपहर 2 बजे से सायं 8 बजे तक के लिए लगाई गई है। अवकाश के दिनो में अनुरूध्द सिंह उददे हैंडपंप टेक्नी शियन को फोन अटेंड कर शिकायत रजिस्टर में संधारित करने हेतु नियुक्त किया गया है।

उन्होने बताया कि जिला एवं विकासखंड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारो जिसमें आर के गुप्ता प्रभारी सहायक यंत्री मोबाइल नंबर 9753207802, ए एम मिश्रा उपयंत्री विकासखंड मानपुर मोबाइल नंबर 9039492983, 8827304946, हिमांशु जायसवाल उपयंत्री विकासखंड पाली मोबाइल नंबर 8109380362, शुभम मरावी उपयंत्री विकासखंड करकेली मोबाइल नंबर 8889397002 तथा मेसर्स इंटरनेशनल स्पेशल स्योकरक रटी फोर्स प्रोपा. राघवेन्द्र प्रसाद मिश्रा मोबाइल नंबर 9752291747 से संपर्क किया जा सकता है।

## 31 मार्च तक किया जाएगा गेहूं का पंजीयन

**उमरिया।**

जिला आपूर्ति अधिकारी बी एस परिहार ने बताया कि जिले में 35 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से पंजीयन का कार्य 31 मार्च तक किया जाएगा। जिले में यह कार्य 35 खरीदी केन्द्रों में किया जाना है। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित एम0पी0ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर पर भी कर सकते है। उमरिया जिले मे संचालित गेहूं पंजीयन केन्द्रो पर किसानों के गेहूं, की फसल के पंजीयन का कार्य निशुल्क किया जा रहा है। जिले में कुल 3615 किसानों द्वारा गेहू विक्रय हेतु पंजीयन किये गये है, एवं किसान पंजीयन का कार्य निरंतर चल रहा है।

जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य मध्ययप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन उमरिया गेहूं उपार्जन एजेंन्सी होगी एवं शासन के निर्देशानुसार जिले में 15 मार्च 2025 से 5 मई 2025 की अवधि में न्यूनतम समर्थन मूल्यल पर पंजीकृत किसानों से जिले मे संचालित 35 गेहूं उपार्जन केन्द्रोर पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं रूपये 2425 प्रति क्विंकटल पर रूपये 175 प्रति क्विंटल की दर से किसानों को बोनस का भुगतान किया जायेगा। इस प्रकार जिले में गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले किसानों को गेहूं की कुल राशि रू. 2425 प्रति क्विरंटल प्लस 175 प्रति क्विंटल के मान से बोनस कुल (2600/- प्रति क्व्टिंल) के मान से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की राशि का भुगतान किया जायेगा। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के प्रमुख गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले सभी किसान भाईयों को समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं एवं उस पर प्रदाय बोनस राशि प्रदाय की जायेगी।

जिले के गेहूं विक्रय के इच्छुक सभी किसानो से अपेक्षा हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन की नियत अवधि 31 मार्च 2025 तक समर्थन मूल्य पर गेहू विक्रय के लिये अपना पंजीयन नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर या कियोस्क सेंटर से भी कर सकते है।

*कैमोर थाना क्षेत्र में 10 मार्च को ट्रक के अंदर मिली थी लाश*

## कंडक्टर ने ही उतारा था ट्रक चालक को मौत के घाट, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ट्रक चालक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। चालक की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि कंडक्टर ने ही की थी। गौरतलब है कि कैमोर थाना क्षेत्र के में खड़े ट्रक के केबिन के अंदर ट्रक मालिक जो कि चालक भी था, उसकी रक्त रंजित लाश मिली थी। कंडक्टर की शिकायत के आधार पर पुलिस हादसा मानकर मामले की जांच कर रही थी लेकिन मर्ग रिपोर्ट में पुलिस को यह पता चला कि ट्रक मालिक किसी हादसे का शिकार नहीं हुआ, बल्कि उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस को कंडक्टर की बताई कहानी संदिग्ध लगी और उसे हिरासत में लेकर सख्ती के साथ्ज्ञ पूछताछ की तो उसने पूरी कहानी उगल दी।

10 मार्च की सुबह कैमोर के पाठक ट्रक पार्किंग यार्ड में ग्राम पथरिया दमोह निवासी 32 वर्षीय काऊ उर्फ प्रदीप जैन पिता सुशील जैन का शव ट्रक क्रमांक एमपी 15 जेडडी 9209 के केबिन में पाया गया था। घटना के बाद ट्रक कंडक्टर पथरिया वार्ड क्रमांक 12 जिला दमोह निवासी प्रहलाद उर्फ पिल्लू पटेल पिता केशव पटेल ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा था कि उसका ट्रक मालिक सुबह शौच के लिए उठा था।

### जिपं अध्यक्ष एवं सदस्यों ने पीएम एवं राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सभी 14 सदस्यों ने प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दे है कि यदि एक माह के अंदर ज्ञापन के जरिए की गई शिकायत को गंभीरता से नहीं

## विशेष तैयारियाँ: पानी सप्लाई, फायर वाहन एवं कर्मचारी किए गए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कटनी नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम द्वारा सुरक्षा,पानी,साफ-सफाई जैसे विभिन्न व्यवस्थाएँ की गई हैं।

होली में पानी की विशेष व्यवस्था हेतु विगत वर्षों की भाँति दिनांक 14 एवं 15 मार्च को अतिरिक्त जलापूर्ति की जावेगी ,जिसमें सिविल लाइन टंकी एवं नलकूपों से संबंधित क्षेत्रों में दोपहर 1.30 बजे अतिरिक्त जलापूर्ति की जावेगी, साथ ही नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों में टैंकर के माध्यम से नागरिकों को जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जावेगी जिससे नागरिकों को पानी की कमी न हो। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से आगजनी की दुर्घटनाओं से जान माल के खतरे को रोकने हेतु नगर निगम के तीन उप कार्यालय खिरहनी,माधवनगर व नगर निगम कार्यालय तीनों स्थानों में फायर वाहन की व्यवस्था भी की गईं है ताकि किसी भी प्रकार की आगज़नी की सूचना मिलने पर आग को नियंत्रित किया जा सके।इसके साथ ही शहर में विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए है।

आयुक्त ने शहर में होलिका दहन से किसी भी प्रकार के रोड जर्जर होने जैसी क्षती को ध्यान में रखते हुए होलिका दहन वाले स्थानों में मिट्टी का उपयोग करने व आवश्यकता होने पर समितियों को मिट्टी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये है एवं सुरक्षा व शांतिपूर्ण होली के पर्व को संपन्न कराने हेतु 10 कर्मचारियों की टीम को नियुक्त करते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने हेतु आदेशित किया है।

आयुक्त ने नगर वासियों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएँ देते हुए अपील की है कि नगर के सभी नागरिक व होलिका समितियाँ होलिका दहन के स्थानों में मिट्टी/रेट का उपयोग करें व सुरक्षा हेतु सतर्कता रखते हुए होलिका दहन रोड के बीच में व विद्युत पोल/तारों से दूर करें ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना हो और निर्विघ्न हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाया जा सकें,शहर के सभी नागरिकों से व्यवस्थाएँ बनाये रखने हेतु सहयोग की अपेक्षा की है।

*उड़न दस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का किया गया निरीक्षण*

## 43 केन्द्रों में 917 परीक्षार्थी हुए परीक्षा में शामिल, नहीं बना नकल का प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले में कक्षा 12वी बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहीं है।

### 10 छात्र रहे गैरहाजिर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 12 मार्च को हायर सेकेन्ड्री स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 25 अंतर्गत कक्षा 12वीं के संस्कृत विषय की परीक्षा जिले के 43 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। संस्कृत विषय की परीक्षा के दौरान दर्ज 927 परीक्षार्थियों में से 917 परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान उपस्थित हुए तथा 10 परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित पाए गए।




कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर बोर्ड परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों एवं गठित दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर संचालित परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया।

### डीईओ ने लिया जायजा

बुधवार को आयोजित हाई स्कूल परीक्षा 2025 में जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह द्वारा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों सीएम राइज स्कूल कटनी, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बिलहरी, कन्या हायर सेकंडरी स्कूल स्लीमनाबाद के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा मंडल के निर्देशों अनुरूप एवं शांतिपूर्ण पाई गई।

वहीं सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के दल द्वारा परीक्षा केंद्र खड़ौला स्कूल, वेंकट वार्ड स्कूल कटनी, के.सी.एस स्कूल कटनी सहित नालंदा स्कूल के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया उक्त केंद्रों में भी परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई। बुधवार को आयोजित परीक्षाओं के दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र में एक भी नकल का प्रकरण नहीं बना।

*खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत की गई कार्यवाही*

## अवमानक खोवा विक्रय करने पर 30 हजार रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी साधना परस्ते द्वारा अवमानक खाद्य पदार्थ खोवा का भंडारण एवं विक्रय करने पर सिल्वर टॉकीज स्थित गुप्ता खोवा कमीशन एजेंट के निवासी बाल कृष्ण गुप्ता पिता राम स्वरूप गुप्ता निवासी आदर्श कॉलोनी कटनी के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए 30 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

जिले मे मिलावट से मुक्ति अभियान तथा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही का सिलसिला कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर निरंतर जारी हैं। जिसके तहत अमानक खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों को सील करने, लाइसेंस व पंजीयन निलंबित करने सहित दांडिक कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है।

### ये है मामला

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा विगत 14 मार्च 2022 को निरीक्षण के दौरान सिल्वर टॉकीज रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठान गुप्ता खोवा कमीान एजेंट का औचक निरीक्षण प्रतिष्ठान संचालक बालकृष्ण गुप्ता की मौजूदगी में किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान पर खोवा, पनीर, सूजी, केक, दही आदि का विक्रय होना पाया गया। निरीक्षण के दौरान खोवा की गुणवत्ता में संदेह होनें पर प्रतिष्ठान संचालक एवं गवाहों के समक्ष नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए खाद्य पदार्थ सफेद खोवा का नमूना लिए जाकर साक्षियों के



समक्ष हस्ताक्षर करवानें की कार्यवाही की जाकर पंचनामा तैयार किया गया। तदोपरांत एकत्रित खाद्य पदार्थो के नमूनों को जांच हेतु भेजे जाने पर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन कटनी द्वारा 25 अप्रैल 2022 को पत्र के माध्यम से सफद खोवा का नमूना अवमानक होना बताया गया।

रिपोर्ट प्राप्ति के पश्चात प्रतिष्ठान संचालक को नमूने की जांच रिपोर्ट की प्रति सहित नमूने के द्वितीय भाग को पुनः परीक्षण कराये जाने बाबत डाक पत्र से सूचित किया गया। प्रकरण में खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा किया गया उल्लंघन केवल जुर्माना से दंडनीय होनें के कारण अभिहित अधिकारी द्वारा प्रकरण में आवश्यक विवेचना कर संबंधितों के वरूद्ध समस्त मूल एवं अन्य दस्तावेज अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए गए।

अनावेदक द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन को प्राप्त करने के पश्चात भी अपना कोई जवाब नहीं दिया तथा लगातार अनुपस्थित रहने के कारण अपने पक्ष में कोई भी कोई भी जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। जिससे विक्रेता श्री बालकृष्ण गुप्ता के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक और मानक अधिनियम 2006 की धाराओं का उल्लंघन पाए जाने तथा लोक स्वास्थ्य हित में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जुर्माने से दंडित होने के कारण मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 के प्रावधानों उल्लंघन करने तथा दंड का भागी पाये जाने पर न्याय निर्णायक अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा गुप्ता खोवा कमीशन एजेंट के संचालक बालकृष्ण गुप्ता पिता रामस्वरूप गुप्ता निवासी आदर्श कॉलोनी को 30 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

### तीस दिवस में जमा करनी होगी अर्थदंड राशि

उपरोक्त अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से तीस दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी न्यायालय मे प्रस्तुत करनी होगी। अन्यथा की दशा मे खाद्य कारोबार कर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## 3 विद्यालयों में 7.44 लाख से होगा शौचालय निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं सह. मिशन संचालक दिलीप कुमार यादव ने जनपद शिक्षा केंद्र ढीमरखेड़ा, कटनी एवं बहोरीबंद के अंतर्गत विद्यालय एवं बालक छात्रावास में शौचालय निर्माण कार्यों हेतु 7.44 लाख रूपयों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी करते हुए राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से जारी शर्तों के मुताबिक नियत समय सीमा में कार्य कराए जाने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने तकनीकी स्वीकृति के आधार पर जारी प्रशासकीय स्वीकृति के मुताबिक निर्धारित शर्तों का पालन करते हुए शौचालय निर्माण कार्य कराए जाने हेतु सर्व संबंधितों को निर्देशित किया है।

### यहां बनेंगे शौचालय

कलेक्टर द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार शासकीय एपीएस बालक विद्यालय सिलौंडी, ढीमरखेड़ा, बालक छात्रावास रॉबर्ट लाइन माधव नगर, कटनी और शासकीय प्राथमिक विद्यालय नेगवां, बहोरीबंद में 2.48 लाख रूपयों की लागत से प्रत्येक शौचालय निर्माण कार्य कराए जाएंगे। कलेक्टर ने संबंधित शाला प्रबंधन समिति को निर्माण एजेंसी अधिकृत किया है। निर्माण एजेंसी को निर्धारित प्राक्कलन ड्राइंग एवं डिजाइन के अनुसार जारी शर्तों का पालन करते हुए शौचालय निर्माण कार्य कराने होंगे। निर्माण कार्यों का निरीक्षण समय-समय पर वरिष्ठ स्तर से किया जाएगा। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान प्राक्कलन, ड्राइंग एवं डिजाइन कार्य स्थल पर उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए हैं। निर्माण कार्य तकनीकी स्वीकृति के अनुरूप नहीं पाए जाने पर कार्रवाई होगी

## खबर संक्षेप



### नगर के उत्तरी क्षेत्र मे मोहल्ला क्लीनिक खोलने कांग्रेस ने की मांग

**अनूपपुर।** कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ 13 मार्च गुरूवार को कलेक्टर को अनूपपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 8 के मध्य मोहल्ला क्लीनिक संचालित करने के संबंध मे ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे लेख किया गया कि अनूपपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत बहु प्रतिक्षित रेल्वे फ्लाई ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से निर्माण होने के कारण अनूपपुर नगर पालिका क्षेत्र दो भागों में विभक्त हो चुका है। जिससे उत्तरी एवं दक्षिणी भाग में शहर बट गया है। जिसके परिणाम स्वरूप व्यापारिक, सामाजिक धार्मिक एवं आर्थिक रूप से प्रभावित होने के साथ-साथ मुख्यतः स्वास्थ्य के क्षेत्र में उसके दुष्परिणाम हुए है। जिसके कारण कई ऐसे मृत्यु प्राथमिक उपचार शीघ्र ना मिलने के कारण हुए है जिस संबंध में व्यापारिक संघ के सदस्य एवं अन्य नागरिक व धार्मिक बंधुओं के द्वारा गंभीर चिंता जाहिर किया गया। उक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी एवं सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि गण स्वतः स्फूर्ति होकर यह मांग करते हैं कि उक्त परिस्थितियों से बचने के लिए वार्ड नंबर 1 से 8 के मध्य उत्तरी अनूपपुर क्षेत्र में एक वार्ड क्लीनिक स्थापित करके एक मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति कर ओपीडी सुविधा के साथ जिला आयुष कार्यालय में संचालित करने की मांग की जाती है ताकि कोई व्यक्ति प्राथमिक उपचार से वंचित होकर गंभीर परिस्थितियों से बच सके।

### होली पर्व पर कानून व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर ने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को दिए निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने होलिका दहन एवं होली (धुरेड़ी) का त्यौहार शांति, शालीनता एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होली पर्व में जिले के कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उक्ताशय के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यपालिक दण्डाधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों के समन्वय से शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु मैदानी भ्रमण सुनिश्चित करने को कहा है।

## शुभ मुहूर्त में किया गया होलिका दहन, आज होरियारों की निकलेगी टोली



# बुरा न मानो होली है...

**पुलिस चुस्त, अराजक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर**

**अनूपपुर।** होलिका दहन के साथ पांच दिवसीय त्योहार की शुरूआत हो गई। फाल्गुन पूर्णिमा यानि गुरुवार को होलिका दहन किया गया। जिला मुख्यालय सहित कोतमा, बिजुरी, राजनगर, रामनगर, भालूमाड़ा, जमुना कालरी, जैतहरी, वेंकट नगर, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक, चचाई सहित ग्रामीण अंचल मे होली पर्व को लेकर गुरूवार को दिनभर बाजारों में खरीदारों की भी लगी रही देर रात तक लोगों ने बाजार से जमकर खरीदारी की। 2 दिन बाजार बंद रहेगा जिसको लेकर भी लोगों ने पहले से ही जरूरी सामानों की खरीदारी करने के लिए गुरुवार को देर रात तक बाजार में नजर आए। गुरुवार को सभी जगह शुभ मुहूर्त में जगह-जगह होलिका दहन किया गया। शुक्रवार को होली पर लोग एक दूसरे को रंग, गुलाल और अबीर लगाकार होली की बधाई देंगे। नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बच्चे पिचकारियों से होली पर रंग बरसाएंगे। सुबह से शाम तक सब होली के रंग में नजर आएंगे। नगर में एक दिन पहले ही होली का खुमार चढ़ा।

### गाजे-बाजे के साथ हुआ होलिका दहन

जिले भर मे शहरों व गांवो में जगह जगह बच्चों ने होलिका के लिए लकड़ी इकट्ठा करते हुए रविवार की रात्रि में शुभ मुहूर्त में होलिका का दहन किया जो देर रात तक चलता रहा। रविवार को सुबह से ही बाजारों में ग्राहकों की भीड़ देखी गई जो देर रात तक बनी रही। लोगों ने किराना सामान सहित रोजमर्रा की सामग्रियों के साथ ही रंग गुलाल पिचकारी तथा मिठाइयो की खरीदारी जमकर की। होली में सजी दुकानों में बच्चों के साथ माता पिता खरीददारी में दिलचस्पी दिखा रहे थे। गर्मी के साथ बाजार में रौनक भी बढ़ गई है। जिला मुख्यालय सहित कोतमा नगर के आजाद चौक गांधी चौक जकीरा चौक पुरानी बस्ती बनिया टोला शिशु भारती स्कूल के पास दफाई टोला फिल्टर मोहल्ला दर्री टोला विकास नगर कॉलेज तिराहा तहसील के पास निगवानी रोड रेस्ट हाउस रोड तेलियान टोला लहसुई कैंप गोविंद कॉलोनी गोविंदा गांव सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में परम्परागत तरीके से गाजे-बाजे के साथ होलिका दहन किया गया। यहां सबसे बड़ा होलिका दहन का कार्यक्रम किया जाता है। इस मौके पर श्रध्दालुओं ने होलिका की परिक्रमा की और नई आग को अपने घर में ले जाकर घर में होलिका जलाई। आपदा और विपदाओं से दूर रहने के लिए होलीका दहन में उरद की दाल के दाने डाले। यहां मुहल्ले में सभी लोगों के सहयोग से होलिका दहन होता चला आ रहा है। दो दर्जन से अधिक स्थानों पर हुआ होलिका दहन होलिका दहन कार्यक्रम नगर के लगभग सभी मुख्य चौराहों पर आयोजित किया गया।

### होरियारों की निकलेगी टोली

शुक्रवार यानि आज सुबह से ही रंग खेलने के लिए बच्चों की टोलियां नगर की गलियों एवं मुख्य बाजारों में निकलने लगेगी। खासकर युवा वर्ग में काफी उत्साह देखा जा रहा है नगर में जगह जगह रंगों की वर्षा होगी वही लोग गुलाल से भी एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे। बच्चे एवं युवा वर्ग चेहरे में आकर्षक तरह के मुखोटे एवं सिर पर बाल लगाकर रंगो के त्यौहार में मस्ती करते नजर आएंगे।



**रंगों के त्यौहार से गुलजार हुआ बाजार**

### 2 दिनों तक बाजार रहेगा बंद

गुरुवार को धुरेड़ी का त्योहार परंपरागत हर्षोल्लास से नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीणक्षेत्र में मनाया जाएगा। सुबह से ही बच्चे टोली बनाकर नगर की गलियों में रंग खेलने के लिए ढोल नगाड़ों के साथ निकलना शुरू कर देंगे। नगर के गांधी चौक में नगर पालिका के द्वारा सामूहिक रंग खेलने का इंतजाम भी हर वर्ष करती है इस वर्ष भी सामूहिक रूप से गांधी चौक में रंग खेला जाएगा। होलिका दहन से शुरू हुआ त्यौहार 2 दिनों तक रंग के रंग में डूबा रहेगा। जिले सहित कोतमा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तथा कोयलांचल क्षेत्र में बाजार बंद रहेंगे जिसके लिए गुरूवार को ही लोगों ने जरूरत की सामग्रियो की खरीददारी कर ली है। 2 दिनों तक बाजार भी बंद रहेगा। होलिका दहन के दिन से फाग होने का सिलसिला शुरू हो गया है। सुबह से ही नगर में लोग ढोलकी टिमकी के साथ फाग गाने में मशगूल नजर आए।

### रंग-पिचकारी खरीदने बाजार में उमड़ी भीड़

धुड़ेली के एक दिन पहले गुरुवार को बाजार में दिनभर खरीददारों की भीड़-भाड़ रही। एक ओर बच्चों में इस त्योहार को लेकर उत्साह है तो वहीं दूसरी ओर घरों में महिलाएं होलिका पूजन की तैयारियों में जुट चुकी हैं। बाजार में हर्बल रंगों को भी हर बार की तरह इस बार शामिल किया गया है। होली .बच्चों के लिए कार्टून पिचकारी पिचकारियों का शौक खासकर बच्चों को अधिक रहता है। पसंदीदा कार्टून बार्बी, मिनी अनंस, छोटा भीम, मोटू-पतलू, डोरेमोन, एंग्री बर्ड आदि के आकार की डिजाइनर पिचकारियों की कलेक्शन को बाजार में उतारा गया है।

### केमिकल वाले रंगों से बचने की सलाह

आजकल बाजारों में केमिकल युक्त रंग बेचे जा रहे हैं जो त्वचा को हानि पहुंचा सकते हैं। होली के रंगों से आपकी त्वचा में एलर्जी हो सकती है। जिससे त्वचा में रेडनेस और खुजली की समस्या बढ़ सकती है। इसके अलावा कई बार रंगों के चलते त्वचा पर लाल दाने और घाव हो जाते हैं। इसलिए सुरक्षित तरीके से प्राकृति रंगों से होली मनाएं। मिठाई की दुकान में रही भीड़- होली पर में नगर के मिष्ठान दुकानों में सुबह से लेकर देर रात तक खरीदारों की लाइन लगी रही। लोगों ने जमकर मिष्ठान खरीदा।

### पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद

होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर एसडीओपी थाना प्रभारी सुंन्द्रेश मरावी के द्वारा गुरुवार से ही सभी होलिका दहन स्थल पर रात्रि में पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। सोमवार को रंगो उत्सव पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए नगर के प्रमुख चौराहों बस स्टैंड रेलवे स्टेशन सहित मस्जिदों में पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस ने फिक्स पॉइंट भी बनाए हैं। मोबाइल पार्टी के द्वारा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस घूम कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेगी। जलाशय में भी पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### दो दिन बस रहेगी बंद

शुक्रवार शनिवार को नगर सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र में पूरी तरह से बाजार बंद रहेगी। वही गुरुवार की रात से आवागमन भी पूरी तरह बंद हो जाएगा। दो दिनों तक बस भी नहीं चलेगी। आवागमन के लिए लोगों को ट्रेन का ही सहारा रहेगा। फाग का आयोजन- नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में रविवार से जगह-जगह भाग का आयोजन किया जा रहा है। लोग ढोलकी टिमकी की थाप पर जमकर थिरक रहे हैं।

### होगा हास्य कवि सम्मेलन

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के रंग हास्य व्यंग के संग कार्यक्रम का आयोजन 15 मार्च को नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में साहित्य प्रेमी कोतमा के द्वारा शाम 6:00 बजे से आयोजित किया गया है।

## शराब के नशे में वाहन चलाने पर एक हार्वेस्टर चालक सहित तीन ट्रक चालकों पर की कार्यवाही



**अनूपपुर।** होली त्यौहार में ना हो एक भी एक्सीडेंट इसके लिए ड्रिंक एंड ड्राइव, तीन सवारी रफ ड्राइविंग करने वालों पर करें अधिक से अधिक कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश शराब के नशे में वाहन चलाने तीन सवारी बैठकर रफ ड्राइविंग करने से दुर्घटनाएं घटित होती है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा होली त्यौहार के दौरान ऐसे वाहन चालकों पर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं, यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कल एक हार्वेस्टर चालक सहित तीन ट्रक चालकों को चेकिंग दौरान नशे की स्थिति में वाहन चलाते पाया। ट्रक क्रमांक **CG**13**AP** 1814 चालक उदय सिदार, **CG**12**AP** 5718 चालक तान सिंह, **MP**18**ZB** 7196 अशोक महरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किए जो न्यायलय द्वारा 31500 का जुर्माना लगाया गया।

## होली पर हरिभूमि की टिप्स

# होली के रंगों से ऐसे रखें अपने स्किन और बालों का ख्याल

### इस एक चीज के इस्तेमाल से मिनटों में निकल जाएगा कलर

**अनूपपुर।** होली आ रही है तो जाहिर सी बात है कि आप भी रंग गुलाल से बच नहीं सकते। आपका कोई अपना कलर लगा ही।देगा. ऐसे में सबसे ज्यादा आपको अपनी स्किन और बालों का ख्याल रखना होता है । होली में खासतौर पर कुछ महिलाओं को यह चिंता रहती है कि होली में जो कलर उन्हें लगाया जा रहा है कहीं उससे उनकी त्वचा पर कोई प्रभाव तो नहीं पड़ेगा। आज बाजार में तरह-तरह के रंग मौजूद हैं जिसमें सुखे गीले स्प्रे कलर वाले रंगों से बाजार सजा हुआ है । जिसमें कौन सा कलर त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है अंतर कर पाना मुश्किल हो जाता है । आज होली का त्यौहार है । बाजार में रौनक दिखाई देने लगी है। बाजार सज चुके हैं, रंग-गुलाल, पिचकारियों से दुकानें रंगीन हो चुकी हैं. तरह-तरह के मुखौटे दुकानों का आकर्षण बढ़ा रहे हैं। होली में तरह-तरह के रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में स्किन और बालों के लिए ये केमिकल युक्त रंग काफी हार्मफुल होते हैं। इन कलरफुल रंगों से अपने स्किन और बालों की सुरक्षा कैसे करें, किन बातों का ख्याल रखने की जरूरत है इसकी जानकारी हम दे रहे हैं।

### केमिकल युक्त रंगों के उपयोग से बचें

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर डॉक्टर आर.के. वर्मा ने कहा कि गहरे केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल न करें. आंखों में रंग चले जाने पर घरेलू उपचार न अपनाएं, डॉक्टर की सलाह लें। कॉन्टैक्ट लेंस पहनकर होली न खेलें, इससे इंफेक्शन का खतरा बढ़ सकता है। होली रंगों का त्योहार है, लेकिन थोड़ी सी सावधानी बरतकर आप इसे सुरक्षित और आनंददायक बना सकते हैं, केमिकल युक्त रंगों का उपयोग न करें।



### खुजली, एलर्जी पर तुरंत लें चिकित्सकीय परामर्श

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में पदस्थ डॉक्टर नैंसी पांडे का कहना है कि होली पर्व पर बाजार में विभिन्न प्रकार के केमिकल रंग आ रहे हैं। ये रंग त्वचा, चेहरे और आंखों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इन रंगों का इस्तेमाल करने के बजाय होली पर हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें। हर्बल रंग आपके चेहरे, त्वचा और आंखों को नुकसान होने से बचाएंगे। होली पर्व पर चेहरे और आंखों को सुरक्षित रखने के लिए चिकित्सक डॉक्टर नैंसी पांडे ने परामर्श दिया है। होली खेलने से पहले चेहरे और शरीर पर मॉइस्चराइजर क्रीम लगाएं। रंग खेलने से पहले नारियल या सरसों का तेल शरीर में लगा लें। होली के रंग को लंबे समय तक शरीर पर न रहने दें। रंग लगने के बाद ज्यादा समय तक धूप में न रहें। छोटे बच्चों को रंगों से दूर रखें। मुंह धोने और स्नान करने के बाद तुरंत मॉइस्चराइजर क्रीम का इस्तेमाल करें। खुजली, एलर्जी होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।

### होली के लिए करें हर्बल गुलाल, कलर का इस्तेमाल

डॉक्टर कृतिका पाण्डेय से जब इस संबंध में जानकारी ली तो उनका कहना था कि होली के रंग और स्किन की सुरक्षा अक्सर देखने को मिलता है कि होली के जो रंग होते हैं वह स्किन के लिए हार्मफुल होते हैं, बालों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। मार्केट में मिलने वाले जो रंग होते हैं वो केमिकल से बने होते हैं। कई रंगों में एसिड का भी इस्तेमाल होता है. खासकर अमोनिया, नाइट्रोजन कंपाउंड हो गया, यह पर्टिकुलर हेयर और स्किन के लिए काफी हार्मफुल होते हैं। हर्बल गुलाल और कलर का इस्तेमाल करें। डॉ कृतिका पाण्डेय बताती हैं कि पहले जो गुलाल होते थे वो हर्बल चीजों से बनाए जाते थे, जैसे पलाश के फूल से और अन्य हर्बल कलर जैसे हल्दी आदि से बनाए जाते थे लेकिन पिछले कुछ समय से सभी कलर केमिकल से बनने लगे हैं. इस कंडीशन में स्किन में अब्रेशन होना, स्किन में एलर्जी होना, ये सब बड़ा कॉमन हो गया है. सबसे पहले तो कोशिश करें कि ऑर्गेनिक सर्टिफाइड हर्बल गुलाल और रंगों का इस्तेमाल करें।

### नेत्र विशेषज्ञ की चेतावनी

नेत्र रोग चिकित्सक डा.रामकेश द्विवेदी से का कहना है कि होली के रंगों में केमिकल की मात्रा अधिक होती है, जो आंखों के लिए हानिकारक हो सकता है। उन्होंने बताया कि अगर सूखा रंग आंखों में चला जाए, तो उसे ठंडे पानी से धो लेना चाहिए। इस दौरान आंखों को मसलना बिल्कुल नहीं चाहिए, क्योंकि इससे रंग आंखों की पुतली में गहराई तक जा सकता है और जलन बढ़ सकती है । डॉ. रामकेश के अनुसार, गीले रंग ज्यादा खतरनाक होते हैं, क्योंकि उनमें केमिकल अधिक होता है, जो आंखों की सतह को नुकसान पहुंचा सकता है. यदि गीला रंग आंख में चला जाए और तेज जलन महसूस हो, तो तुरंत किसी नेत्र चिकित्सक से संपर्क करें ।

### होली खेलने के पहले चेहरे पर लगाएं नारियल तेल

डॉ पुष्पेंद्र पाठक ने बताया कि जो भी कलर मार्केट से परचेस कर रहे हैं वह केमिकल फ्री होना चाहिए मार्केट में ऑर्गेनिक गुलाल एव्लेबल होते हैं उसे ही खरीदे होली खेलते समय पक्के रंग से बचना चाहिए। जब भी होली खेले जाए तो चेहरे पर रंग खेलने के पहले फेस या बॉडी पर वैसलीन या कोई तेल जरूर लगा ले । कभी भी होली खेलने के बाद ज्यादा रन ना करें । यदि कलर कलर नहीं निकले तो घर का मक्का लिया कोकोनट ऑयल से रब करे । सन स्क्रीन लगाने के बाद ही होली खेले या धूप में जाएं । होली खेलने से पहले चेहरे पर एलोवेरा लगाना भी एक अच्छा ऑप्शन होता है एलोवेरा में एंटीबैक्टीरियल एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं। जो रंगों से होने वाले नुकसान से भी बचाता है। होली खेलने के पहले चेहरे पर नारियल तेल जरूर लगा ले ना चाहिए इसे आसानी से बाद में रंग निकल जाता है और इसकी पूरी सुरक्षित हो जाती है त्वचा रफ नहीं होती है ।

## जैतहरी व वेंकट नगर पुलिस की कार्यवाही में दो वाहनों ने उगला अवैध शराब

### एक वाहन चालक राजा देवानी गिरफ्तार, दूसरा चालक फरार



**जैतहरी।** 13 मार्च के रात्रि करीब 09 बजे मुखबिर व्दारा सूचना मिली कि दुधमनिया, पगना, अनूपपुर तरफ से दो वाहनो के चालक अवैध रूप से शराब एवं बियर लोड कर आ रहे है तब थाना जैतहरी एंव चौकी वेंकटनगर पुलिस द्वारा गोबरी रोड पर फारेस्ट आफिस के सामने सम्पूर्ण स्टाफ एवं साक्षियों के साथ नाकाबन्दी की गई तभी रात करीब 09.40 बजे उक्त किया कम्पनी की कार गोबरी तरफ से आई जिसे रोककर चालक से नाम पता पूछे जो अपना नाम दुर्गेश देवानी उर्फ राजा पिता हरीश देवानी उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्र 06 जैतहरी जिसकी कार क्र. एम.पी. 65 जेड.बी. 4095 की तलासी ली गई तो बीच वाली शीट में एक पेटी कार्टून मे 8**PM** अंग्रेजी शराब के 48 पाव कुल शराब की मात्रा 8.640 लीटर कुल कीमती 8160 रुपये तथा गाडी की डिग्गी में एक पेटी कार्टून में हैवर्डस 5000 बियर के 24 केन 04 बण्डल प्रत्येक बण्डल मे 06 केन बियर कुल मात्रा 12 लीटर कुल कीमती 4320 रुपये एवं उक्त गाडी के डिग्गी मे एक पेटी कार्टून मे पावर 10000 बियर के 24 केन 04 बण्डल में प्रत्येक बण्डल मे 06 केन कुल कीमत 3120 रुपये कुल मात्रा 11.500 लीटर , एक पेटी कार्टून पावर 10000 बियर के 24 केन 04 बण्डल मे 06 केन के पैक मे है कुल कीमती 3120 रुपये कुल मात्रा 12 लीटर ,एक पेटी कार्टून पावर 10000 ब्राण्ड बियर के 24 केन 04 बण्डल में प्रत्येक बण्डल मे 06 केन के कुल कीमती 3120 रुपये कुल मात्रा 12 लीटर सीलबन्द ,03 बण्डल पावर 10000 ब्राण्ड बियर । प्रत्येक बण्डल मे 06 केन कुल 18 केन कुल कीमत 2340 रुपये कुल मात्रा 09 लीटर शराब पायी गई। आरोपी के कब्जे से एक पुराना सिल्वर कलर का रेडमी कम्पनी का एन्ड्राईड मोबाईल तथा अंग्रेजी शराब की मात्रा 8.640 लीटर तथा कुल बियर की मात्रा 56.5 लीटर कुल शराब एवं बियर की मात्रा 65.14 लीटर कुल कीमती 24180 रुपये एवं किया कम्पनी की कार की कुल कीमत 800000 रुपये उक्त शराब अपनी गाडी की शीट एवं डिग्गी मे रखकर विक्रय करने हेतु ले जा रहा सभी वस्तुओं को मौके पर सैम्पल निकालकर 22.10 बजे जप्त कर सीलबन्द किया गया। आरोपी दुर्गेश उर्फ राजा देवानी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया है एंव दुसरी कार का जब काफी देर तक उक्त कार नही आई तो रात्रि 01.20 बजे गोबरी तरफ रवाना हुये तो करीब 500 मीटर रामानंद राठौर के घर के सामने एक मारुती सुजकी कंपनी की रिट्ज कार क्र. एम.पी. 18 सी 3808 लावारिश हालत मे खडी थी उसका चालक एवं मालिक कोई नही था तब उक्त कार की तलासी लिया तो कार मे चाभी लगी हुई थी लाक नही था तो देखा कि उक्त कार के पीछे डिग्गी में दो खाकी कलर के कार्टून के अन्दर 08**PM** ब्राण्ड अंग्रेजी शराब के 48 पाव जिनमे कुल कीमत 16320 रुपये कुल शराब की मात्रा 17.28 लीटर, डिग्गी मे तीसरे नंबर के कार्टून में ब्लेन्डर प्राईड अंग्रेजी शराब के 12 बाटल कुल कीमत 16740 रुपये कुल शराब की मात्रा 9 लीटर ,चौथे नंबर के कार्टून में प्लास्टिक की शीशियों मे भरी 50 पाव देशी प्लेन शराब कुल कीमती 3500 रुपये कुल शराब की मात्रा 09 लीटर , उक्त कार की बीच वाली शीट के नीचे मे रखे पांचवे कार्टून में पावर 10000 बियर के 12 बाटल कुल कीमती 1800 रुपये कुल बियर की मात्रा 7.8 लीटर , उक्त कार के बीच वाली शीट के छठवें कार्टून मे 48 पाव मैकडावल रम अंग्रेजी शराब कुल कीमत 8160 रुपये कुल शराब की मात्रा 8.640 लीटर, उक्त कार के बीच वाली शीट के उपर सातवें नंबर के कार्टून में 48 पाव मैकडावल नंबर 1 रम कुल कीमती 8160 रुपये कुल शराब की मात्रा 8.640 लीटर उक्त कार के बीच वाली शीट के उपर रखे 08वें कार्टून के अन्दर पावर 10000 ब्राण्ड बियर के 24 केन 04 बण्डल प्रत्येक बण्डल मे 06/06 केन कुल कीमती 3120 रुपये कुल मात्रा 12 लीटर उक्त कार के बीच वाली शीट मे रखे 09वें नंबर के कार्टून के अन्दर पावर 10000 बियर के 24 केन के 04 बण्डल प्रत्येक बण्डल मे 06/06 केन कुल कीमत 3120 रुपये कुल मात्रा 12 लीटर पाई गई मौके पर उक्त शराब एवं बियर तथा घटना मे प्रयुक्त कार क्र. एम.पी. 18 सी 3808 को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया एवं जप्तसुदा शराब को सीलबन्द किया गया। इस प्रकार कुल जप्त अंग्रेजी देशी शराब बियर की कुल मात्रा 84.36 लीटर शराब एवं बियर कुल कीमती 60920 रुपये की पाई गई चालक/तत्कालीन मालिक के विरुद्ध अप.क्र 109/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट एंव आरोपी दुर्गेश देवानी उर्फ राजा पिता हरीश देवानी उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्र 06 जैतहरी के विरुद्ध अप.क्र 108/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

**कार्यालय नगर परिषद् अमरकंटक**
**जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**
E-Mail: cmoamarkantak@mpurban.gov.in Fax No: 07629-269441

क्रमांक 354/न.परि./राजस्व/2025 अमरकंटक, दिनांक 13/03/25

**-:: सार्वजनिक सूचना::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् अमरकंटक के स्वामित्व भवन / भूमि / दुकानों / ठेकेदार / अनुबंध कर्ताओं / किरायादारों को सूचित किया जाता है, कि जिन व्यक्तियों को कार्यालय द्वारा भवन / भूमि / दुकान मासिक किराया / ठेकेदार / अनुबंध / लीज पर आवंटित किया गया है ।जिसका मासिक किराया एवं अनुबंध के अधीन समस्त बकाया दार 30 मार्च 2025 तक अपना-अपना / बकाया जलकर, सम्पत्तिकर, समेकिकर, भूभाटक, शॉपिंग सेन्टर एवं ठेकेदार / अनुबंध कर्ता बकाया राशि कार्यालय में जमा करना आवश्यक हैं। बकाया राशि जमा नही किये जाने पर आवंटित किये गये भवन / भूमि / दुकान मासिक किराया / ठेकेदार / अनुबंध / लीज पर आवंटित को सार्वजनिक स्थालों पर होर्डिंग चैनर, समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से विज्ञापन करते हुए दुकानों में ताला बंदी एवं अनुबंध / ठेके को निरस्त करने की कार्यवाही कर कब्जे में ले ली जावेगी ।एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 164, 167, 170 के सुसंगत प्रावधानों के तहत विधि सम्मत वसूली की कार्यवाही की जावेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित बकायेदारों की होगी।

**महिपाल सिंह गुर्जर (IAS)**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् अमरकंटक जिला अनूपपुर (म.प्र.)**